हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार, 29 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 27.7 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री


10 वास्तविक डेटा पर शोध करें विद्यार्थी: महिपाल ढांडा





11 बीएमयू में नशा मुक्त भारत कार्यक्रम में छात्रों ने लिया...









## खबर संक्षेप

### चाकू लगने से युवक गंभीर रूप से घायल

**रोहतक।** गांधी कैंप क्षेत्र में देर रात एक युवक चाकूबाजी की घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान 35 वर्षीय प्रिंस पुत्र जगदीश लाल के रूप में हुई है, जिसे लहूलुहान अवस्था में परिजनों द्वारा तुरंत पीजीआई में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। प्रिंस कबाड़ का काम करता है और घटना के समय वह अपने एक परिचित के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान दोनों के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर कहासुनी बढ़ गई।

### बीएलओ ड्यूटी से मुक्ति को लेकर शिक्षकों का ज्ञापन

**रोहतक।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा जिला रोहतक के प्रधान रामराज कादयान के नेतृत्व में जिले के बीएलओ शिक्षक सिटी पार्क रोहतक में एकत्र हुए। राज्य उपप्रधान ललित कुमार, कोषाध्यक्ष विजय हुड्डा व कानूनी सलाहकार बिजेंद्र हुड्डा ने बताया कि शिक्षकों ने उपायुक्त को मेल के जरिए ज्ञापन भेजकर निदेशालय के निर्देशानुसार शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक बीएलओ ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की है।

राजीव गांधी खेल स्टेडियम का निरीक्षण करने के बाद बोले-विधायक भारत भूषण बत्रा

# खेल स्टेडियम की दुर्दशा देख रोना आ रहा खिलाड़ियों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

**भाजपा सरकार ने रोहतक की अनदेखी की, शीतकालीन सत्र में उठाएंगे मुद्दा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विधायक भारत भूषण बत्रा ने शुक्रवार राजीव गांधी खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया और यहां की अत्यंत खराब स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर स्तर पर रोहतक की अनदेखी करती रही है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह स्टेडियम है, जिसे हुड्डा सरकार के दौरान शानदार सुविधाओं के साथ बनाया गया था। लेकिन मौजूदा स्थिति इतनी दुखद है कि इसे देखकर खिलाड़ियों के भविष्य की चिंता होना स्वाभाविक है।

विधायक बत्रा ने अपने निरीक्षण की शुरुआत बास्केटबॉल कोर्ट से की, जहां उन्होंने पाया कि कोर्ट में लगे पोल पूरी तरह जंग खा चुके हैं। कोर्ट के चारों तरफ ऊंची-ऊंची झाड़ियां उगी हुई हैं। कोर्ट पर बिछाया गया फाइबर मैट कई जगहों से फट चुका है, जबकि खिलाड़ियों के बैठने के लिए बनाए गए बेंच भी टूटे पड़े हैं और उनमें भी झाड़ियां उग आई हैं। रनिंग के लिए बनाए गए सिंथेटिक ट्रैक में बड़े-बड़े गड्ढे पड़ चुके हैं, जिससे खिलाड़ियों के चोटिल होने का खतरा बढ़ जाता है। बड़े ग्राउंड में बने शेड के नीचे रखी कुर्सियां टूट चुकी हैं। ओपन योगा हॉल कबूतरों की बीट से एकदम भर चुका है, इतना कि कई ट्रक बीट यहां से निकाली जा सकती है। ऊपर लगे शेड में जंग लगा हुआ है और लाइटें बिल्कुल भी काम करने की स्थिति में नहीं हैं। वॉलीबॉल कोर्ट का हाल भी कोई अलग नहीं वहां भी झाड़ियां खड़ी हैं और सुविधाएं ध्वस्त हैं।





रोहतक। राजीव गांधी खेल स्टेडियम का निरीक्षण करते विधायक भारत भूषण बत्रा। फोटो : हरिभूमि

### सालों बाद बजट की घोषणा हुई लेकिन एक रुपया तक नहीं लगा

बत्रा ने बताया कि सरकार ने लंबे इंतजार के बाद इस स्टेडियम के लिए बजट की घोषणा की थी, लेकिन उसका एक भी रुपया अभी तक ग्राउंड में नहीं लगा। उन्होंने कहा कि सरकार को शीतकालीन सत्र में इस पर जवाब देना होगा। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष स्वयं मुख्यमंत्री यहां आए थे, उसके तुरंत बाद उन्होंने विधानसभा में स्टेडियम की दुर्दशा के फोटो सरकार के सामने रखे थे। लेकिन उसके बाद भी हालात में कोई सुधार नहीं हुआ।

### खिलाड़ियों के लिए शौचालय बन रहे परेशानी का सबब

बत्रा ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल के लिए जो माहौल चाहिए, अब इस स्टेडियम से पूरी तरह गायब हो चुका है। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए बने अधिकांश शौचालय टूटे हुए, सड़े हुए और बेहद गंदे पड़े हैं। वॉशबेसिन तक सीरिंज व कचरे से भरे पड़े मिले। सबसे चिंताजनक बात यह है कि शौचालयों के गेट टूटे होने के कारण महिला खिलाड़ियों के लिए यह जगह बेहद असुविधाजनक और असुरक्षित बन गई है। सुबह और शाम प्रैक्टिस करने वाले खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि किसी भी ग्राउंड में लाइट की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

### दो होनहार खिलाड़ियों की मौत प्रदेश सरकार की लापरवाही का नतीजा

विधायक ने कहा कि दो होनहार खिलाड़ियों की मौत बेहद दर्दनाक और चिंताजनक है। अगर सरकार समय रहते स्टेडियम की हालत सुधार देती तो शायद यह हादसा टल सकता था। उन्होंने मांग की कि सरकार कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई करे, मृत खिलाड़ियों के परिवारों को आर्थिक सहायता दे तथा उनके नाम पर स्टेडियम या किसी खेल सुविधा का निर्माण करे।

### स्टेडियम को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की मांग

बत्रा ने कहा कि 112 एकड़ में बने इस स्टेडियम को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की दिशा में वे पहले भी सरकार पर दबाव बनाते रहे हैं और अब इस प्रयास को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को गलत दिशा में जाने से रोकने का सबसे कारगर तरीका है उन्हें खेलों से जोड़ना। इसलिए आवश्यक है कि सरकार अच्छे खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दे।

### सरकार तुरंत बजट जारी करे

विधायक ने कहा कि सरकार को तुरंत राजीव गांधी खेल स्टेडियम के लिए बजट जारी कर मरम्मत और विकास कार्य शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र में वे इस ज्वलंत मुद्दे पर काम रखो प्रस्ताव भी लाएंगे, ताकि रोहतक के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

## अलीगढ़ से युवती के अपहरण मामले में युवक हिरासत में

■ विजयनगर में यूपी पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विजयनगर में बुधवार रात उप्र पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए एक युवक को हिरासत में लिया। यूपी पुलिस अलीगढ़ में दर्ज युवती के अपहरण मामले के यह कार्रवाई कर रही थी। हिरासत में लिया गया युवक उस आरोपी का करीबी मित्र है, जो अलीगढ़ से युवती बहला-फुसलाकर ले गया था। अलीगढ़ की रहने वाली युवती के गुमशुदा होने पर परिजनों ने करवासी थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी।

शिकायत में युवक पर युवती को अपने साथ ले जाने और उससे संपर्क न कराने का आरोप लगाया गया। जांच में सामने आया कि युवती को लेकर गया युवक फिलहाल फरीदाबाद में ठहरा है। यूपी पुलिस को शक था कि आरोपी के ठिकाने की जानकारी विजयनगर में रहने वाले उसके दोस्त के पास हो सकती है। इसी आधार पर यूपी पुलिस बुधवार देर रात स्थानीय पुलिस की सहायता से विजयनगर पहुंची और संदिग्ध युवक के घर पर दबिश दी। उसे हिरासत में लिया गया, ताकि आरोपी युवक के वर्तमान ठिकाने और युवती की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जा सके। प्रारंभिक पूछताछ में कई सुराग मिले हैं।

### आरोपी जल्द पकड़ेंगे

यूपी पुलिस का कहना है कि युवती के सुरक्षित मिलने तक मामला संवेदनशील है और हर संभावना पर जांच की जा रही है। फरीदाबाद में आरोपी की तलाश में टीम पहले ही सक्रिय हो चुकी है। विजयनगर में हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ के आधार पर पुलिस को उम्मीद है कि जल्द आरोपी का पता लगाया जाएगा और युवती को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया जा सकेगा।

## सोने की अंगूठी ले कर ठग फरार बुजुर्ग ने दर्ज कराई शिकायत

■ पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुराना सब्जी मंडी थाना पुलिस ने एक बुजुर्ग की सोने की अंगूठी चोरी कर भाग जाने वाले अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता 86 वर्षीय सेन पुत्र स्व. बालमुकुंद निवासी नया पड़ाव काठ मंडी ने बताया कि 26 नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे वह पैदल प्रेम नगर की ओर जा रहे थे। जब वह सिविल रोड स्थित सरदार चाट वाली गली के पास पहुंचे, तो उन्होंने प्रेम नगर जाने के लिए ऑटो लेना तय किया। उसी दौरान एक अनजान युवक भी वहीं आया और ऑटो में उनके साथ बैठ गया। बातचीत के दौरान आरोपी ने सेन के हाथ में पहनी सोने की अंगूठी (लगभग 8 ग्राम) चुपके से उंगली से निकालकर अपने हाथ में पहन ली।

### उंगली में फंस गई थी

बुजुर्ग के पूछने पर युवक ने बहाना बनाया कि अंगूठी उसकी उंगली में फंस गई है और कहा कि पास के सुनार के यहां चलकर निकलवा देते हैं। सेन के अनुसार, यह कहकर वह युवक अचानक ऑटो से नीचे उतरा और तेज़ी से मौके से भाग गया। बुजुर्ग उसके पीछे गए, लेकिन वह भीड़ में गायब हो चुका था।

घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद थाना पुराना सब्जी मंडी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।






## लाखन माजरा में हार्दिक राठी के नाम से बनेगा इंडोर स्टेडियम: बड़ौली

**मोहन लाल महम में मार्केट कमेटी चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को पद ग्रहण करवाने पहुंचे थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने महम में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने यह निर्णय लिया है कि दिवंगत बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी के नाम से लाखन माजरा गांव में इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। लाखन माजरा गांव की सरपंच उषा की ओर से ग्राम पंचायत सदस्यों ने एक मांग पत्र उनको सौंपा था और गांव में इंडोर स्टेडियम बनाए जाने की मांग की थी। उसके बाद बड़ौली ने मंच से यह घोषणा की। वीरवार को खेल मंत्री गौरव गौतम ने भी लाखन माजरा के बास्केट बॉल ग्राउंड पर खिलाड़ियों को इंडोर स्टेडियम बनाए जाने का आश्वासन दिया था।

शुक्रवार को मोहन लाल बड़ौली ने सरकार द्वारा इंडोर स्टेडियम खोलने के सरकार के निर्णय से अवगत करवाया। बड़ौली ने लाखन माजरा के बास्केट बॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी की असामयिक मौत पर दुख जताया। कहा कि यह बिल्कुल गलत हादसा हुआ है। इस हादसे के बाद सरकार ने एक्शन लिया है। खेल विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है। खेल मंत्री अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भी इस मामले पर संज्ञान लिया है।

### पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा सरकार की योजनाओं का लाभ



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने शुक्रवार को दोपहर को महम में मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन कैप्टन ईश्वर सिंह और वाइस चेयरमैन लीलू राम को पद ग्रहण करवाया। मुख्यमंत्री के ओएसडी वीएस बड़खालसा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार में पंक्ति के अंत में खड़े व्यक्ति पर विशेष फोकस है। पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। महम मार्केट कमेटी में चेयरमैन और वाइस चेयरमैन की नियुक्ति इसी बात का उदाहरण है।अनाज मंडी महम के कई आढ़तियों ने मोहन लाल बड़ौली को एक ज्ञापन सौंपा। आढ़तियों की मांग है कि अनाज मंडी के साथ लगते बिजली घर को यहां से दूसरी जगह पर शिफ्ट कर दिया जाए, ताकि अनाज मंडी में भीड़ भाड़ कम हो सके।

### सैनिक कैंटीन खोलने की मांग

पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा प्रदेश मोहन लाल बड़ौली से मिला। महम क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने महम में सीएसडी कैंटीन खोलने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व सैनिकों ने कहा कि इस क्षेत्र के सैनिक परिवारों और सैनिकों को कैंटीन से सामान लेने के लिए दूर दराज के शहरों में जाना पड़ता है। कोरोना काल से पूर्व महम के खंड कार्यालय में अस्थाई कैंटीन शुरू की गई थी। कोरोना काल के बाद से वह भी बंद है। जिस वजह से सैनिक परिवारों, पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को काफी परेशानी हो रही है।

### एक्सटेंशन लेक्चरर ने नौकरी की सुरक्षा के अधिकार कानून के तहत सूची जारी करने की मांग की

राजकीय महाविद्यालय महम के एक्सटेंशन लेक्चरर का एक प्रतिनिधिमंडल मोहन लाल बड़ौली मिला। इस दौरान उन्होंने बड़ौली को ज्ञापन सौंपा। जिसमें एक्सटेंशन लेक्चरर ने कहा कि वर्तमान में प्रदेशभर के विभिन्न महाविद्यालयों में 2000 एक्सटेंशन लेक्चरर कार्यरत हैं। इनमें से कई साल 2011 से कार्य कर रहे हैं। सरकार ने सेवा सुरक्षा एक्ट 2024 लागू करने पर आभार जताया। साथ ही कहा कि लेकिन इस एक्ट के तहत अभी तक लेक्चरर की सूची जारी नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### आज शुरू होगा तीन दिवसीय गीता महोत्सव

**रोहतक।** शनिवार से पंडित श्रीराम शर्मा रंगशाला में तीन दिवसीय गीता महोत्सव शुरू होगा। इसका शुभारंभ 29 नवंबर साढ़े 10 बजे महापौर रामअवतार वाल्मीकि प्रदर्शनी के उद्घाटन से करेंगे। तीनों दिन श्रीमद्भागवद् गीता तथा महाभारत पर आधारित भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रसिद्ध डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल द्वारा निर्देशित मुरादाबाद की सांस्कृतिक मंडली द्वारा तीनों दिन भव्य कृष्ण लीलाएं प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने जिला वासियों का आह्वान किया है कि वे गीता महोत्सव में बढ़-चढक़र भाग लें। डीसी सचिन गुप्ता ने बताया कि गीता महोत्सव में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा श्रीमद्भगवद् गीता एवं महाभारत पर आधारित भव्य प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है, जो महोत्सव के तीनों दिन आम जनता के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। उन्होंने बताया कि 29 नवंबर को कार्यक्रम के मुख्यातिथि महापौर द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जायेगा। इस अवसर पर हवन यज्ञ भी होगा।

### पेंशन रिवाइज करवाने को तेज करेंगे संघर्ष

**रोहतक।** 8वें वेतन आयोग के अनुसार पेंशन रिवाइज करवाने के लिए रिटायर, पैंशनर कर्मचारी संघर्ष तेज करेंगे। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने बताया कि किसी प्रकार की कांट-छांट, नजरअंदाज करने की कारवाई सहन नहीं की जाएगी। केन्द्र सरकार वित विधायक 2025 की आड़ में पेंशन को बोझ बताकर सवैंधानिक अधिकार की जगह राजकोषीय समस्या बता रही है। ऐसा करके पेंशनर के अधिकार सीमित कर रही है। इसकी तैयारी के लिए 30 नवम्बर को 11 बजे रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला की जिला स्तरीय कन्वेंशन आयोजित की जाएगी। इस कन्वेंशन को राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह, महासचिव रतन जिंदल सम्बोधित करेंगे।

### जमीनी विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

**रोहतक।** सांपला थाना पुलिस ने मंजीत पुत्र उदय सिंह निवासी कान गांव अटायल की शिकायत पर उस पर जानलेवा हमला करने वाले पारिवारिक सदस्य रोहतास पुत्र उदय सिंह और सुमित पुत्र संदीप के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि उन्होंने लोहे की राड से हमला कर मनजीत को बुरी तरह घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।। हमले का कारण जमीनी विवाद बताया गया है। पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में उदय सिंह ने बताया कि उसके पिता की दो पत्नियों थी एक इंद्रावती और दूसरी धनपति और मैं धनपति का लड़का हूं। मेरे पिता उदय सिंह की मृत्यु अप्रैल 2025 में हुई थी और जुलाई महीने में हमारी जमीन का बंटवारा हुआ था। 26 नवंबर को दोपहर 2:30 बजे में अपने हक की जमीन जुताई के लिए गया हुआ था, वहां आरोपियों ने हमला बोल दिया।

### पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने सांपला निवासी युवक अजय की हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अदालत में पेश करने के बाद तीनों आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। एवीटी स्टाफ प्रभारी उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई सांपला निवासी राजवंती की शिकायत पर दर्ज किए गए अभियोग के आधार पर की गई। शिकायत के अनुसार 19 नवंबर की शाम अजय घर से निकला था, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। बाद में गंभीर चोटों के इलाज के दौरान 21 नवंबर को उसकी मृत्यु हो गई।

### 70 वर्षीय बुजुर्ग लापता मांगा सहयोग

**रोहतक।** सेक्टर-2 से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग के लापता होने का मामला सामने आया है। महावीर राठी मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। 28 नवंबर को शाम लगभग 5:30 बजे अपने घर से बिना किसी को बताए अचानक बाहर निकल गए और उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया।



## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शिक्षा मंत्री व सांसद धर्मबीर ने किया शुभारंभ

# वास्तविक डेटा पर आधारित शोध करें विद्यार्थी : ढांडा

**एमडीयू में तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश से अग्रणी शिक्षाविद ले रहे भाग**


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित ग्लोबल एडवांसेज इन स्टैटिस्टिकल मॉडलिंग, ऑप्टिमाइजेशन टेक्नीक्स एंड डेटा साइंसेज विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि आधुनिक दौर में डेटा, सांख्यिकी और ऑप्टिमाइजेशन तकनीक देश की नीतियों, अर्थव्यवस्था और शासन का महत्वपूर्ण आधार बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब सिर्फ उभर नहीं रहा, बल्कि वैश्विक स्तर पर नेतृत्व कर रहा है और ऐसे सम्मेलन इस वैज्ञानिक प्रगति को नई दिशा देते हैं।

एमडीयू के सांख्यिकी विभाग द्वारा भारतीय रिलायबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स एसोसिएशन (आईएआरएस) के साथ संयुक्त रूप से आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शोधार्थियों व विद्यार्थियों को मजबूत गणितीय नींव विकसित करने, वास्तविक डेटा पर आधारित शोध करने और अपने कार्य को समाज के उपयोगी समाधान में बदलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव के बीच मानवता और संवेदना को केंद्र में रखना अत्यंत आवश्यक है।

प्रो. जुआन एनरिक्वे मार्टिनेज-लेगाज ने कहा कि डेटा साइंस आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास की प्रमुख आधारशिला बन चुकी है। उन्होंने शोधकर्ताओं से नवाचार और व्यावहारिक उपयोगिता पर केंद्रित शोध को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष एवं इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक प्रो. एससी मलिक ने विषयवस्तु पर प्रकाश डाला। प्रो. दिव्या मल्हान ने मंच संचालन का दायित्व बखूबी निभाया। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने अंत में आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी और देश व विदेश से आए प्रतिभागी गण उपस्थित रहे।

**देश विदेश के अग्रणी शिक्षाविद ले रहे भाग :** तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से अग्रणी शिक्षाविद, शोधकर्ता, डेटा वैज्ञानिक, उद्योग विशेषज्ञ, सांख्यिकीविद और गणितज्ञ भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में स्पेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, नॉर्वे, चिली और कनाडा सहित कई देशों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इनमें प्रो. राम एन. मोहापात्रा (अमेरिका), प्रो. शहजाहन खान (ऑस्ट्रेलिया), प्रो. हिरोशी सकाई (जापान), प्रो. संजय मिश्रा (नॉर्वे), प्रो. बीएम गोलाम किब्रिया (अमेरिका), प्रो. मिलान स्टेलिक (चिली), प्रो. शेषएन राय (अमेरिका), डॉ. आमिर तैमूरियन (कनाडा), डॉ. अमित कोहली (कनाडा) और डॉ. जेलारेह फरहादियन (कनाडा) प्रमुख हैं।



एमडीयू में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल गणमान्य लोग।


### दुनिया में शिक्षा का सर्वोच्च महत्व : सांसद

उद्घाटन सत्र में सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि दुनिया में शिक्षा का सर्वोच्च महत्व है और भारत सदियों से ज्ञान व शिक्षा का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि डेटा विज्ञान हमारी प्राचीन सांस्कृतिक बुद्धिमत्ता से जुड़ा है और आज विज्ञान व तकनीक ने अभूतपूर्व प्रगति की है। सांसद ने कहा कि नए भारत का विकास शिक्षा, शोध और नवाचार पर आधारित है, और ऐसे सम्मेलन ज्ञान-विज्ञान को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि डेटा आधारित शोध समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग और ऑप्टिमाइजेशन तकनीक वैश्विक शोध का भविष्य हैं।

### लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मान

शिक्षा मंत्री और सांसद धर्मबीर ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से प्रो. अमरेंद्र मिश्रा (निदेशक, पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर), प्रो. सीके जग्गी (सीनियर प्रोफेसर एवं पूर्व अध्यक्ष, ऑपरेशनल रिसर्च विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रो. जे. ई. मार्टिनेज-लेगाज (यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना, स्पेन), प्रो. डीके घोष (मारवाड़ी विश्वविद्यालय, राजकोट), प्रो. जेपी सिंह जुरेल (यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू), प्रो. अमरेंद्र मिश्रा (सांख्यिकी विभाग, पटना विश्वविद्यालय) और प्रो. दिवाकर शुक्ला (गणित एवं सांख्यिकी विभाग, एचएस गौड़ केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर) को नवाजा। वहीं उत्कृष्ट शोध योगदान के लिए एक्सीलेंस रिसर्च अवॉर्ड प्रो. एमएस कादियान (कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय), डॉ. एमएस बराक (मीरपुर विश्वविद्यालय, रेवाड़ी) और डॉ. मोनिका सैनी (मणिपाल विश्वविद्यालय, जयपुर) को प्रदान किए गए।

## खेल प्रतिभाओं को दिए 1.20 करोड़ रुपये के पुरस्कार


महिला वर्ग में एमकेजेके कॉलेज को ट्राफी प्रदान करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में आयोजित वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री ने सत्र 2022–25 के खिलाड़ियों को एक करोड़ बीस लाख से अधिक की पुरस्कार राशि प्रदान की। कुल 643 खिलाड़ियों, कोचों और संबद्ध कॉलेजों को सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि एमडीयू खिलाड़ियों को अवसर ही नहीं, बल्कि उनकी मेहनत का सच्चा सम्मान देता है। तीन वर्षों में विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी, नॉर्थ जोन, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर हरियाणा की खेल परंपरा को मजबूत किया है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू की असली पहचान उसकी खेल संस्कृति है, और विश्वविद्यालय हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी को आधुनिक सुविधाएं व श्रेष्ठ प्रशिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में रोहतक के मेयर राम अवतार वाल्मीकि और प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय पहलवान बबीता फोगाट ने भी संबोधन किया। इस अवसर पर डॉ. बीआर अम्बेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत के कुलपति प्रो. देविंद्र सिंह और मीरपुर यूनिवर्सिटी, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने स्वागत भाषण दिया। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने आभार जताया। डॉ. रवि प्रभात ने मंच संचालन किया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी ने आयोजन सहयोग दिया।

**जाट कॉलेज विजेता**

जनरल ट्रॉफी में पुरुष वर्ग में जाट कॉलेज और महिला वर्ग में एमकेजेके कॉलेज रोहतक का दबदबा बरकरार रहा। जाट कॉलेज रोहतक ने लगातार 30 साल से जनरल ट्रॉफी के प्रथम स्थान पाया। यूटीडी एमडीयू दूसरे नंबर पर और सीआरए कॉलेज सोनीपत तीसरे नंबर पर रहा। महिला वर्ग में एमकेजेके कॉलेज रोहतक ने लगातार 22 वीं बार प्रथम स्थान पाया। दूसरा स्थान टीका राम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत तथा तीसरा स्थान वैश्य कन्या महाविद्यालय रोहतक ने प्राप्त किया।

### ज्ञानसेतु रोहतक व निपुण वाटिका का शुभारंभ किया

**रोहतक।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सेक्टर 3 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल में जिला प्रशासन द्वारा स्थापित की गई निपुण वाटिका का निरीक्षण किया। उन्होंने निपुण वाटिका का विधिवत शुभारंभ किया। मंत्री ढांडा ने बताया कि निपुण वाटिका में जिला प्रशासन द्वारा बच्चों को खेल-खेल में सिखाने के लिए किए गए प्रबंधों को सराहा।



एक प्रश्न का उत्तर देते हुए लाखनमाजरा में बास्केटबॉल खिलाड़ी की मृत्यु की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा खेल स्टेडियमों के रखरखाव के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। इस घटना की सरकार द्वारा जांच करवाई जा रही है तथा विभाग द्वारा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने 'ज्ञानसेतु रोहतक' का शुभारंभ किया, जो एक जिला-स्तरीय डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है। इस अवसर पर उपायुक्त सचिन गुप्ता तथा अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार के अलावा शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे। यह प्लेटफॉर्म विद्यार्थियों को निशुल्क, संरचित और उच्च-गुणवत्ता वाली ऑनलाइन शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

### शिक्षा मंत्री ढांडा को छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में संयुक्त छात्र संघर्ष समिति ने शुक्रवार को शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों को भरवाने तथा विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को कैश अवार्ड फॉर स्पोर्ट्स किट को दिलवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। मंत्री यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को खिलाड़ियों को सम्मानित करने आए थे। छात्र नेता दीपक धनखड़ ने मंत्री को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में लंबे समय से शिक्षक भर्तियों पर रोक लगाई हुई है। विश्वविद्यालय में 2018 से लेकर 2022 तक के खेल कैश अवार्ड तथा स्पोर्ट्स किट नहीं दी गई है।

## एमडीयू में 2 भवन परियोजनाओं की आधारशिला रखी

- **इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम बिल्डिंग और फैकल्टी हाउस एक्सटेंशन बिल्डिंग का होगा निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने दो महत्वपूर्ण भवन परियोजनाओं-इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम बिल्डिंग और फैकल्टी हाउस एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, अंतरराष्ट्रीय पहलवान बबीता फोगाट समेत एमडीयू समुदाय और अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे। कार्यकारी अभियंता जे. एस. दहिया ने इन परियोजनाओं बारे जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम बिल्डिंग लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगी, जिसमें भारत सरकार की पीएम-उषा योजना के अंतर्गत 4 करोड़ 7 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है। 3000 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्मित यह जी+3 मंज़िला संरचना शिक्षक शिक्षा के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी। फैकल्टी हाउस एक्सटेंशन बिल्डिंग लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगी। 1000 वर्गमीटर में निर्मित होने वाला यह तीन मंज़िला भवन भूतल पर लाउंज और हॉल तथा प्रथम और द्वितीय मंज़िल पर पैंट्री और टॉयलेट-कम-ड्रेसिंग सुविधा सहित कुल 10 सुसज्जित कमरों से युक्त होगा। नई इमारत को पुरानी इमारत से पहले और दूसरे तल पर जोड़ने के लिए कॉरिडोर भी बनाया जाएगा।


फैकल्टी हाउस एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखते शिक्षा मंत्री।

## सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के एसएसबी ग्राउंड में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का शानदार आगाज हुआ। पहले दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके बाद चारों सदनों के विद्यार्थियों ने अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया।

महोत्सव के प्रथम दिन मोनिका ढल मैडम के नेतृत्व में विविध रचनात्मक और मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें बॉल एवं बैलून रेस, फ्रॉग रेस, हर्डल रेस, बैलेंस कप एवं बैलून रेस, शॉटपुट तथा मंकी रेस ने बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा और खेल भावना को उजागर किया। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन खेल विभाग के एचओडी विकास और उनकी टीम द्वारा किया गया। खेलों के साथ-साथ संगीत और नृत्य का आकर्षक समन्वय भी देखने को मिला। 'जय हो' और 'धाकड़' जैसी ऊर्जावान धुनों ने मैदान में दर्शकों और प्रतिभागियों में देशभक्ति और उमंग का संचार किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजेश सांगवान ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर प्रतिभागियों को 1100-1100 रुपये की नकद राशि देने की घोषणा की। प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान ने विद्यार्थियों की अनुशासन, खेल कौशल और उत्साह की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे भी इसी समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्या ऋतु विज, एडमिन इंचार्ज मीनू हुड्डा, विद्यालय समन्वयक प्रमिला सांगवान, अनुराग और सपना परमार भी उपस्थित रहे। परिणाम बोर्ड की जिम्मेदारी मोनिका लटवाल और तान्या ने संभाली। मंच संचालन सरोज और अमित नरवाल ने किया, जबकि कमेंट्री टीम में शिव शंकर, ऋतु विज, मानसी और संध्या ने सराहनीय भूमिका निभाई।



सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ करते अतिथि व प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### अब कूड़े के निस्तारण की तैयारी में निगम

**रोहतक।** शहर को स्वच्छ व सुन्दर शहर बनाने के लिए नगर निगम निरंतर प्रयासरत है। नगर निगम द्वारा घर-घर से कूड़ा उठान का कार्य आरंभ करवाया जा चुका है। इसी कार्य को आगे बढाने के लिए गांव सुनारियां स्थित नगर निगम, रोहतक के ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र का निरीक्षण किया गया ताकि सम्बन्धित एजेंसी के माध्यम से ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र को जल्द से जल्द चालू करवाया जा सके। निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने मौके पर प्लांट संचालन इत्यादि के कार्य बारे गहन विचार-विमर्श किया गया। अभी प्लांट पर सम्बन्धित एजेन्सी द्वारा कार्य करवाया जा रहा है, मशीनरी इत्यादि का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### सामाजिक परिवर्तन का आधार थे फुले : ग्रोवर

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के कार्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई। भाजपा नेता मनीष ग्रोवर ने ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। भाजपा नेता ओमप्रकाश बागड़ी, एडवोकेट सुरेंद्र माड़ू, मंडल महामंत्री मनोज मालवीय, मनोज वकील, धर्मपाल मकड़ौली, अशोक कथूरिया, ईश्वर सिंह सैनी, जयप्रकाश सैनी उर्फ जीपी, संजय मालवीय, राजवीर सैनी, सतवीर सैनी टिटौली, भानुज मालवीय के अलावा अन्य ने महात्मा ज्योतिबा फुले जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।



### पुलिस कर्मियों ने किया राजयोग का अभ्यास

**महम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सिक्योरिटी सर्विस विंग की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर महम के ओम शांति सेंटर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय था आत्म सुधार से राष्ट्र सशक्तिकरण तक। इस कार्यक्रम में महम थाने के पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने राजयोग का अभ्यास किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चाणक्य पैलेस दिल्ली से बी.के. जयश्री रही। बीके मीनाक्षी ने सभी को कमेंट्री द्वारा राजयोग का अभ्यास कराया। महम थाने के एसएचओ सुभाष समारोह के मुख्य अतिथि रहे।



### स्वदेशी अपनाने के लिए किया जागरूक

**सांपला।** शुक्रवार को बीजेपी की ओर से आत्मनिर्भर भारत जनजागरण कार्यक्रम के तहत सांपला रेलवे स्टेशन पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसमें मार्केट कमेटी चेयरमैन उदयभान मलिक और वायस चेयरमैन बंसी लाल मक्कड़ ने रेलयात्रियों को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प, उद्देश्य और महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर मार्केट कमेटी के सदस्य , कविता शर्मा , विजेंद्र सैनी , रौनक मलिक ,मनजीत,प्रमोद इस्माइला,सचिन कुमार, देवराज ओहल्याण, अमित जिंदल,नवीन बंसल,राजेश सांपला,राजेश बंसल ,सुरेश गढ़ी,सचिन गुप्ता, सुरेश ,जयभगवान ,सुरेंद्र, मनजीत गढ़ी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्लोगन लेखन में नर्मदा प्रथम

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत विषय पर स्लोगन लेखन एवं पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने बताया कि महाविद्यालय में लगातार ऐसी गतिविधियां की जा रही हैं, जिनसे विद्यार्थियों व आम नागरिकों को सफाई और स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके। नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि आगे जागरुकता रैलियां एवं सफाई अभियान चलाए जाएंगे। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डॉ. गीता रानी, डॉ. सविता शर्मा, डॉ. रानी देवी और पूनम अत्री द्वारा किया गया। स्लोगन लेखन में नर्मदा प्रथम, शिवानी द्वितीय तथा हर्षिता और अदिति तृतीय रहीं। पोस्टर मेकिंग में आरती ने पहला, रूपाली ने दूसरा, जबकि अनुष्का और नेहा ने तीसरा स्थान हासिल किया।



**श्रद्धांजलि** एलपीएस ग्रुप के संस्थापक स्व. बिमल प्रसाद जैन की याद में कई जगह हुए सेवा कार्य

# जरूरतमंदों को भोजन व बीमारों का इलाज करवा मनाई स्व. बिमल प्रसाद की पुण्यतिथि

**274 की स्वास्थ्य जांच की, 57 ने रक्तदान किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। वैश्य कॉलेज रोड स्थित जैन बगीची में एलपीएस ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय सेठ बिमल प्रसाद जैन की 35वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर शहरभर में विशाल भंडारों और स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाधि स्थल पर दो मिनट के मौन और पुष्पांजलि के साथ हुई।

श्रद्धांजलि सभा में महामण्डलेश्वर बाबा कपिलपुरी महाराज, बाबा परमानंद, बाबा विश्वरानंद, बाबा कर्णपुरी, स्वामी राघवेन्द्र भारती सहित कई संत, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दिगम्बर जैन मंदिर में दर्शन के बाद परिवार द्वारा नमोकार मंत्र, स्तुति व विभिन्न पाठ किए गए। भगवान महावीर पार्क से लेकर सीएमओ ऑफिस तक लगभग 1000 से अधिक लोगों के लिए भोजन वितरित किया गया।


सेठ बिमल प्रसाद जैन को श्रद्धांजलि अर्पित करने जुटे शहर के गणमान्य नागरिक।


रक्तदाता को सम्मानित करते एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व अन्य।

### रक्तदान एक महान मानवीय कार्य : राजेश जैन

**रोहतक।** हरिओम सेवा दल द्वारा संस्थापक सेठ बिमल प्रसाद जैन की 35वीं पुण्यतिथि पर बालाजी होम्योपैथिक डिस्पेंसरी, डॉक्टर अनिल शर्मा क्लीनिक, हुड्डा कॉम्प्लेक्स में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र जांच, मैमोग्राफी, होम्योपैथी परामर्श, रक्त शुगर, बीपी जांच सहित दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गईं। शिविर का शुभारंभ एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, समाजसेवी उद्योगपति विजय जैन, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, संस्था प्रधान आदिश जैन व संरक्षक डॉक्टर अनिल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कुल 274 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई, जिनमें 57 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। 111 व्यक्तियों की नेत्र जांच की गई। 86 लोगों ने होम्योपैथिक जांच कर दवाइयां प्राप्त कीं, 27 महिलाओं ने मैमोग्राफी टेस्ट कराया, जबकि 84 व्यक्तियों ने रक्त एवं अन्य टेस्ट कराए। राजेश जैन ने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय कार्य है। शिविर में डॉक्टर कुकरेजा, डॉक्टर अनिल शर्मा, आदेश जैन, मनोज बतरा सहित सेवा दल टीम और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ब्रह्मा कुमारीज़ की कार कैंपेन रोहतक पहुंची

**रोहतक।** ब्रह्मा कुमारीज, माउंट आबू के सिक्योरिटी सर्विसेज विंग की कार कैंपेन रोहतक पहुंची। यह कैंपेन चंडीगढ़ से शुरू होकर पंजाब और हरियाणा के विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। रोहतक में आयोजित सत्र में पुलिस विभाग, एनसीसी कैडेट्स, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सिक्योरिटी स्टाफ, महिला बटालियन, आईआर बटालियन (पीटीसी सुनारिया), महिला थाना पुलिस, रोहतक जेल सिक्योरिटी स्टाफ, बीएसएफ कर्मियों तथा ईसीएचएस अधिकारियों व जवानों ने भाग लिया।

### अपराधियों का आसान शिकार होते हैं बच्चे : सतीश

रोहतक। हम ऐसा समाज बनाना चाहते हैं जहां बच्चे अपनी बात खुल कर रख सकें। इंटरनेट से जहां देश और दुनिया की जानकारी मिलती है वहीं नाबालिग बच्चों को भ्रमित करने में भी इंटरनेट की बड़ी भूमिका है। ये बातें बाल कल्याण समिति अध्यक्ष एडवोकेट सतीश कौशिक ने एमडीडी ऑफ इण्डिया एवं संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने आगे कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि हमारे बच्चे इस आभासी इंटरनेट की दुनिया से निकल कर किताबों पर अपना ध्यान केन्द्रित करें। किताबों का

### लंबित शिकायतों का तुरंत करें निपटाएं

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र उचित समाधान करें। अधिकारी रि-ओपन हुई शिकायतों पर कार्रवाई कर सही टिप्पणी दर्ज करवाये। कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की साप्ताहिक बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की ओर से समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की वर्चुअली समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### स्वच्छता एवं नशे प्रति किया जागरूक

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 28 नवंबर 2025 को मासिक धर्म स्वच्छता और नशा जागरूकता विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विस्तार व्याख्यान कमेटी की संयोजिका प्रीति दहिया तथा डॉ. कमलेश और डॉ. इंदु जैन की देखरेख में इनर व्हील क्लब के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। नशा जागरूकता सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. वी.पी. महला ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के नशे, उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

# बीएमयू में नशा मुक्त भारत कार्यक्रम में छात्रों ने लिया नशा छोड़ने का संकल्प

- कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्य रूप युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में नशा न करने की शपथ लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में आज खेल विभाग, भारत स्काउट गाइड और एनसीसी यूनिट के प्रयास से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और नशा मुक्त समाज के निर्माण में उनकी सहभागिता बढ़ाना था।विद्यार्थियों, कैडेट्स और संकाय सदस्यों ने एकजुट होकर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और स्वयं को नशा-मुक्त रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कुलपति डॉ. बीएम यादव ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को प्रभावित करता है और शिक्षण संस्थान छात्रों को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। डॉ. सुधीर मलिक (डीन स्टूडेंट वेलफेयर), ने कहा कि नशा न केवल युवा पीढ़ी को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज के विकास में भी रुकावट बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आस-पास के लोगों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करें।

### निदेशक डॉ. बबलू शर्मा छात्रों को खेलों के प्रति किया प्रेरित

खेल विभाग के निदेशक डॉ. बबलू शर्मा ने युवाओं को खेल और फिटनेस को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। सचिव (खेल) डॉ. मोनिका ने भी नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की जिम्मेदारी पर जोर दिया। भारत स्काउट गाइड की इंचार्ज डॉ. इशू खंगवाल ने छात्रों को नशे से दूर रहने के साथ-साथ कम से कम पांच लोगों तक नशा मुक्त भारत अभियान का संदेश पहुँचाने का संकल्प दिलवाया। डॉ. (प्रो.) अनिल डूडी ने एनसीसी कैडेट्स की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एनसीसी केवल अनुशासन नहीं सिखाती, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए भी प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान को गति देने में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। सभी ने संयुक्त रूप से युवाओं को नशे से दूर रहने, समाज में जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सचिव डॉ. मोनिका, डॉ. इशू, डॉ. प्रीति, डॉ. मनजीत, डॉ. जितेन्द्र, डॉ. नवीन, डॉ. बृजेश सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं एनसीसी यूनिट के कैडेट्स उपस्थित रहे।

## डॉ. रामधन सिंह मेमोरियल टूर्नामेंट का किलोई में शुभारंभ

# बास्केट बॉल और कबड्डी को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह

बास्केटबॉल, ओपन कबड्डी और 55 किलोग्राम वर्ग के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार घोषित

हरिभूमि न्यूज. रोहतक



स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब किलोई द्वारा आयोजित 39वां डॉ. रामधन सिंह मेमोरियल इनविटेशन बास्केटबॉल एवं कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ आज सुबह गांव किलोई के खेल स्टेडियम में बड़े उत्साह के साथ किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन वैद्य सत्य प्रकाश आर्य ने किया, जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में परविंदर दहिया (ओम एसोसिएट के ओनर) उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि वैद्य सत्य प्रकाश आर्य ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि परविंदर दहिया ने कहा कि खेल समाज को जोड़ने का माध्यम हैं और स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब द्वारा किया गया यह प्रयास खिलाड़ियों को बड़े मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। टूर्नामेंट 28 से 30 नवंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें बास्केटबॉल, ओपन कबड्डी और 55 किलोग्राम वेट कबड्डी वर्ग के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार घोषित किए गए हैं।

### इस प्रकार दिए जाएंगे पुरस्कार

बास्केटबॉल वर्ग में प्रथम पुरस्कार 1,00,000, द्वितीय 71,000 और तृतीय पुरस्कार 51,000 रखा गया है। ओपन कबड्डी वर्ग में प्रथम पुरस्कार 81,000, द्वितीय 51,000 और तृतीय 31,000 निर्धारित है, जबकि 55 किलोग्राम वेट कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 21,000, द्वितीय 15,000 और तृतीय 11,000 तय किया गया है। आयोजन कमेटी के मनोज कुमार, पर्वेश कुमार तथा संदीप कुमार ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सभी मैच निष्पक्षता, तकनीक और अनुशासन के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। संदीप हुड्डा ने बताया कि अगले राउंड के मुकाबले कल आयोजित करवाए जाएंगे , उद्घाटन समारोह और मैचों के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह देखने योग्य रहा, आयोजन समिति ने बताया कि आने वाले दो दिनों में मुकाबले और भी रोमांचक होंगे तथा खिलाड़ियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी प्रबंध सुचारू रूप से किए गए हैं।स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब किलोई द्वारा आयोजित 39वां डॉ. रामधन सिंह मेमोरियल इनविटेशन बास्केटबॉल एवं कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ आज सुबह गांव किलोई के खेल स्टेडियम में बड़े उत्साह के साथ किया गया।

# बोंद कल्लां में संतोष कैंसर संस्था ले लगाया नि:शुल्क जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक




संतोष कैंसर संस्था ने शुक्रवार को गांव बोंद कल्लां में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण अंचल में रहने वाले नागरिकों को उनके घर के समीप ही उच्च स्तरीय चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की और उचित परामर्श दिया। संस्था का प्रयास रहा कि कोई भी व्यक्ति जानकारी या संसाधनों के अभाव में स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. भूषण कथूरिया ने संस्था के दूरगामी दृष्टिकोण और मिशन पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि संतोष कैंसर संस्था का उद्देश्य केवल बीमारी का उपचार करना नहीं, बल्कि समाज में 'सेवा और संवेदना' की संस्कृति को स्थापित करना है। हमारा मानना है कि चिकित्सा विज्ञान जब करुणा के साथ मिलता है, तभी पूर्ण स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। हमारा मिशन है कि हम समाज के हर उस व्यक्ति के लिए आशा की किरण बनें, जिसे लगता है कि वह अपनी बीमारी से अकेले लड़ रहा है। यह संस्था एक अस्पताल नहीं, बल्कि एक परिवार है जो हर पीड़ित के साथ खड़ा है।

गांव के निवासियों ने संस्था की इस पहल की सराहना की। यह शिविर इस बात का प्रमाण है कि संतोष कैंसर संस्था स्वास्थ्य सेवाओं को शहरों से निकालकर गाँवों की चौपाल तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## समर्थगुरु मैत्री संघ रोहतक का ध्यान योग शिविर आरंभ

रोहतक। पहरावर रोड स्थित ध्यान केंद्र निजी गार्डन में समर्थगुरु मैत्री संघ रोहतक द्वारा ध्यान योग शिविर का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय शिविर के पहले दिन आचार्य अमोल अदलखा, आचार्य दलशेर, आचार्य अनहद व आचार्या संजीला ने सम्यक दृष्टि, सम्यक जागृति, सम्यक संबंध,सम्यक ध्यान व सम्यक कर्म पर प्रभावशाली सत्र लिए। मेडिटेशन केंद्र समन्वयक आचार्य चंद्रभान गहलावत ने बताया कि कल 29 नवंबर को समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया 50 नए व पुराने साधकों को ऑनलाइन जुड़कर ओंकार दीक्षा देंगे तथा ओशोधारा की साधना पद्धति से अवगत कराएंगे। भगवान गौतम बुद्ध के



अष्टांगिक मार्ग पर आधारित इस प्रोग्राम में अनेक नये साधक भाग ले रहे हैं जिनमें डॉक्टर सतबीर दहिया, हितेश, कंचन, दिलख़ुश, रामदेव गोस्वामी, रतन सैनी, संतोष देवी, अमन, अशोक, नरेश मलिक, जिला

## दिगंबर जैन मंदिर सराय मोहल्ला में तीन दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



दिगंबर जैन सोसाइटी द्वारा सिविल रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर, सराय मोहल्ला में तीन दिवसीय श्रीमद जिनेन्द्र वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ हुआ। पहले दिन आर्यिका रत्न डॉ. श्री 105 सरस्वती भूषण माता ससंघ के आशीर्वाद से सुबह 7 बजे देव आज्ञा, गुरु आज्ञा व प्रतिष्ठाचार्य निमंत्रण सम्पन्न हुआ। इसके बाद मनोज पंसारी व विजय जैन परिवार द्वारा श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। जैन सभा रोहतक के प्रधान रवि जैन एवं परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत महिलाओं की भव्य घटयात्रा मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी निति भैया के निर्देशन में वेदी शुद्धि एवं वेदी संस्कार संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक विजय कुमार जैन और एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन की अध्यक्षता में हुआ। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध वात्सल्य भोजन की व्यवस्था की गई।

# जनवादी लेखक संघ ने काव्य गोष्ठी में पढ़ी रचनाएं

- प्रिंसिपल सोनिया नागपाल ने अपनी रचनाएं पढ़कर समाज महिलाओं की भूमिका को जाग्रत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



**रोहतक।** काव्य गोष्ठी में भाग लेते कवि और साहित्यकार।

महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर जनवादी लेखक संघ द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राइवेट स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कवयित्रियों की रचनाएं प्रस्तुत हुईं। पहले दौर में प्रिंसिपल सोनिया नागपाल ने अपनी रचनाएं पढ़कर पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं के जीवन के अनेक पहलुओं को उजागर किया। महिला का संपूर्ण जीवन ही पुरुष-प्रधान परिवार को समर्पित हो जाता है परंतु समाज की मांग फिर भी बनी रहती है। महिलाओं को कपड़े की एक कतरन मात्र बताते हुए उन्होंने अपनी कविता के जरिए समाज में महिलाओं की हैसियत बयान की। पति के लिए घर का दरवाजे के रूपक और पत्नी के लिए दरवाजे पर टंगे बंदनवार के रूपक का प्रयोग करके सोनिया नागपाल ने श्रोताओं को झकझोरा। राजकीय महाविद्यालय झज्जर से सेवानिवृत्त प्रिंसिपल दीपा ने जीवन के संघर्षों की ओर गूढ़ इशारे किए। एक कविता में वे कहती हैं कि मैं बहुत कुछ करने के इरादे बना रही थी तभी मैं उठी और जाले साफ करने लगी। जाले यहां कई तरह के बंधनों और अवरोधों के प्रतीक हैं। चार लाइनों की इस कविता ने श्रोताओं का खूब ध्यान आकर्षित किया। एक अन्य कविता में दीपा ने एक ऐसे बच्चे की व्यथा बयान की जो गरीबी की चौखट में सारा जीवन बिताकर समाज में आगे बढ़ने के हर अवसर से वंचित रहते हुए भी कुछ करने की कोशिश करता है। इस कविता में 'बच्चा बूढ़ा हो गया है' कहकर कवयित्री ने समाज की विद्रूपताओं को बखूबी उजागर किया है।

### ये रहे मौजूद

काव्य गोष्ठी का संचालन जनवादी लेखक संघ, रोहतक की जिला सचिव मनीषा ने किया और समापन अध्यक्ष राजेंद्र सिंह हुड्डा 'सोमेश' ने सुमित्रानंदन नंदन पंत की कुछ पंक्तियों से किया। डॉ. रणबीर दहिया, डॉ. राजेंद्र चौधरी, डॉ. जगमति सांगवान, प्रमोद गौरी, लाभ सिंह, सतबीर सिंह, प्रीति, सरोज, अंकित और अपूर्वा ने भी अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत की।

# स्वदेशी अभियान के नजर आने लगे परिणाम : मनीष ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



**रोहतक।** यात्रियों से रूबरू होते पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व कार्यकर्ता।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत स्वदेशी अपनाओ देश को मजबूत बनाओ की भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को रोहतक के रेलवे स्टेशन परिसर में जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर रहे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता वाली सोच के साथ आज भारतीय स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने लगे हैं। देश विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन चुका है जबकि कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इस दौरान नगर निगम के मेयर राम अवतार वाल्मीकि, मार्केट कमेटी के चैयरमेन अशोक चौधरी व रोहतक ब्लॉक समिति अध्यक्ष खुशीराम हुड्डा सहित अनेक पदाधिकारियों ने भी जनसंपर्क किया। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने यात्रियों से रूबरू होते हुए कहा कि पिछले 11 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी ने अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। उन्होंने सरकार द्वारा मिल रही योजनाओं के बारे में भी पूछा तो यात्रियों ने बताया कि उन्हें अनेक योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू पार्षद सुरेश किराड़, अमित जैन जोजी, दीपक नागपाल, प्रशांत राणा, रिंकू कपूर, तरुण सनी शर्मा, नरेश काला बोहर, अमन धींगड़ा, ओमप्रकाश बागड़ी, बंसी विज सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जन जागरण अभियान चलाया।

### स्वदेशी अपनाने पर जोर

पूर्व मंत्री ग्रोवर ने रेलवे स्टेशन रोहतक पर मेयर सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ जागरूकता अभियान चलाया, यात्रियों से अपील की स्वदेशी वस्तुएं अपनाकर देश को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

## कला शिक्षकों के समर्पण तथा सृजनशीलता को सराहा

# कला का महासंगम:रोहतक में 100 टीजीटी शिक्षकों ने वारली से कैनवस तक बिखेरे सृजन के रंग

- सभी शिक्षकों को अपने कार्यों में उत्कृष्टता और नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक




**रोहतक।** कार्यशाला में पेंटिंग बनाते शिक्षक।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार रोड में टीजीटी ड्राइंग शिक्षकों के लिए आयोजित मंडल स्तरीय कला कार्यशाला के तीसरे बैच का दूसरा दिन सृजन और कलात्मकता का अद्भुत संगम साबित हुआ। सोनीपत और रोहतक जिलों से आए लगभग 100 कला अध्यापकों ने इस रचनात्मक आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यशाला परिसर सुबह से ही कला के रंगों से सराबोर दिखा। शिक्षकों ने अपनी कल्पनाओं और विचारों को कागज, कैनवस और मिट्टी के बर्तनों (पॉट) पर उकेरकर विविध कला रूपों का सुंदर संग्रह प्रस्तुत किया। 'वारली' लोक कला पर आधारित रचनाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके साथ ही स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण और स्थल चित्रण में भी शिक्षकों ने प्रभावशाली अभिव्यक्ति दिखाई। कई कलाकृतियां इतनी उत्कृष्ट थीं कि वे पेशेवर स्तर की नज़र आ रही थीं। कलाकारों ने एक्रेलिक व जल रंगों जैसे विभिन्न माध्यमों का प्रयोग कर कला की विविधता और गहराई को उजागर किया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार रोड में टीजीटी ड्राइंग शिक्षकों के लिए आयोजित मंडल स्तरीय कला कार्यशाला के तीसरे बैच का दूसरा दिन सृजन और कलात्मकता का अद्भुत संगम साबित हुआ।

### कला के क्षेत्र में किया प्रेरित

कार्यशाला की संयोजिका डॉ. सुनीता अहलावत ने उपस्थित कला शिक्षकों के समर्पण तथा सृजनशीलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला शिक्षकों को न केवल तकनीकी दक्षता प्रदान करती है, बल्कि उन्हें कला की सूक्ष्मताओं को समझने और विद्यार्थियों तक बेहतर तरीके से पहुँचाने में भी मदद करती है। उन्होंने सभी शिक्षकों को अपने कार्यों में उत्कृष्टता और नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. अमृता दलाल, डॉ. शोभना, सोनिया, सरोज, श्री परमिंदर, डॉ. मीनाक्षी हुड्डा, स्वाति, सत नारायण, सोनू सांगवान, श्री मंजीत, सुंदर, जितेंद्र, जयंत, एमएस सुमन और मीनाक्षी सैनी सहित कई कला विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इनके मार्गदर्शन और सहभागिता से कार्यशाला को और अधिक प्रभावी एवं सार्थक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला।


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
1 LTR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
2 LTR
ON SHOPPING OF ₹4999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
SUPER SALE
UPTO 80% OFF
ON ALL MRP 6% OFF
29 NOV TO 5 DEC
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA KARNAL
24 MANTRA ATTA 5KG
BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA ALL VARIANTS
BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850GM
BUY 1 GET 1 FREE
WELCOME`S SPICES (SELECTED VARIANTS)
BUY 1 GET 1 FREE
DEHAAT TOOR DAL
BUY 1 GET 1 FREE
UNIFIT MUSELI 375GM
BUY 1 GET 1 FREE
FIT 4 DITE
GAJJAK - LADDO - PEANUT CHIKKI AND MORE,
BUY 1 GET 1 Free
FORTUNE SOYABEAN OIL 750g
₹129
SATMOLA NAMKEEN ALL VARIENT
BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNE ATTA ( 10 KG )
₹410
24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR
BUY 1 GET 1 Free
GM POHA(500g)
BUY 1 GET 1 Free
BTW NAMKEEN ALL VARIENT
BUY 1 GET 1 Free
TAJ MAHAL TEA
₹549
TATA TEA PREMIUM 1 KG
₹349
DAAWAT ROZANA BASMATI GOLD RICE 5KG
₹399
RAJDHANI BESAN 1KG
₹92
XCITE NOODLES ( 330 G)
BUY 1 GET 1 Free
HURRICANE ENERGY DRINK (250 ML)
BUY 1 GET 1 Free
DEHAAT MAKHANA
BUY 1 GET 1 Free
RED BULL 250ML
₹95
ANANDA GHEE (900ML )
₹569
PREET LITE GHEE 1L
₹315
NOVA GHEE (800ML )
₹539
PRABHAS GHEE (1 LTR)
BUY 1 GET 1 Free
FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR
₹175
PATANJALI MUSTARD OIL 1 LTR
₹185
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91 90530 87555
UPCOMING BRANCHES
Sirsa Ghaziabad Hisar Mohali Bhivani Pinjor
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :